एक नजर में

दो दिवसीय श्याम महोत्सव आज से

इंदौर. श्याम मित्र मंडल शिव मोती नगर की मेजबानी में 3 जनवरी एवं 4 जनवरी को सायं 7 बजे से अ.भा. श्याम महोत्सव का 30वां दिव्य आयोजन ए.बी. रोड, राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर श्याम भक्त श्रीमती पुष्पा मित्तल के सानिध्य में होगा. इसमें देश के अनेक ख्याति प्राप्त भजन गायक, कोलकाता के पुष्प सज्जाकार एवं देशभर में फैले श्याम भक्त शामिल होंगे। लगभग ढाई हजार भक्त दूसरे शहरों से आएंगे और इतने ही भक्त शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आएंगे. महोत्सव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। गार्डन पर पुष्प सज्जा, अखंड ज्योत एवं बाबा के दरबार के निर्माण का काम शुरू हो गया है. समूचे आयोजन को अर्जी रींगस नरेश से नाम दिया गया है. मंडल के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल एवं पार्थ मित्तल मोरनी ने बताया कि महोत्सव में कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक राज पारीक एवं सौरभ शर्मा, समस्तीपुर की सुश्री रेशमी शर्मा, जयपुर के अभिषेक नामा, शिवम रावल एवं आशीष शर्मा सहित अनेक प्रख्यात श्याम भजन गायक तथा दिल्ली एवं कोलकाता के प्रख्यात संगीत समूहों के कलाकार भी विशेष रूप से इंदौर आकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे. पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी यह महोत्सव दो दिनों तक चलेगा. इस दौरान इंदौर के स्थानीय भजन गायक भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे. मंडल की स्थापना 40 वर्ष पूर्व समाजसेवी एवं श्याम भक्त ब्रह्मलीन जगदीश अग्रवाल ने की थी.

माली समाज का परिचय सम्मेलन कल

इंदौर. महात्मा ज्योति बा फुले माली समाज मप्र का 28वां निशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार 4 जनवरी 2026 को लोहा मंडी स्थित माई मंगेशकर सभागृह पर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा. इस अवसर पर देश एवं राज्य के विभिन्न शहरों एवं कस्बों से विवाह योग्य 250 से अधिक युवक-युवती प्रत्याशियों का परिचय सम्मेलन भी होगा तथा विभिन्न प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और अन्य समाजसेवियों का भी सम्मान किया जाएगा. परिचय सम्मेलन के लिए देश के 8 राज्यों से प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं. महात्मा ज्योति बा फुले माली समाज मप्र के संरक्षक रामचंद्र सैनी, प्रदेशाध्यक्ष नितेश राजोरिया एवं जिलाध्यक्ष राधेश्याम बागड़ी ने बताया कि विश्व की प्रथम महिला शिक्षक माता सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जयंती पर 4 जनवरी को होने वाले इस आयोजन में सर्व माली एवं सैनी समाज के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं. इसी तरह महिलाओं, शिक्षिकाओं, अभिभाषक, चिकित्सक, पुलिसकर्मी एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा. प्रदेश संयोजक हुकुमचंद जादम ने बताया कि कार्यक्रम में महात्मा ज्योति बा फुले पर बनी फिल्म एवं सावित्री बाई फुले के जीवन परिचय पर आधारित पुस्तिका का लोकार्पण भी होगा जिसमे विवाह योग्य युवक-युवतियों का निशुल्क प्रकाशन भी किया गया है.

मुद्राशास्त्री शर्मा का व्याख्यान कल

इंदौर. कोलकाता में आज से वीआईपी रोड स्थित सप्तपर्णी बैंक्वेट हॉल पर प्रारंभ हुए कोलकाता कॉइन एक्सपो, 2026 के बड़े आयोजन में इंदौर के मुद्रा शास्त्री गिरीश

शर्मा आदित्य का सम्मान एवं व्याख्यान 4 जनवरी को होगा। यह एक्सपो छठी वार्षिक प्रदर्शनी और सम्मेलन के रूप में आयोजित होगा. तीन दिवसीय इस आयोजन में इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य को भी प्राचीन दुर्लभ भारतीय मुद्राओं पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया है. प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के सूत्रधार माणिक साहा, डॉ. उज्जवल साहा एवं शैलेन घोष ने बताया कि इस अवसर पर देश के सभी प्रमुख जाने-माने मुद्रा संग्राहक और विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए गए हैं. कार्यक्रम में 4 जनवरी को गिरीश शर्मा आदित्य को वांगिया मुद्रा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.

मीणा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह कल भोपाल में

इंदौर. मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में आगामी 4 जनवरी को रविन्द्र भवन भोपाल में सुबह 10 बजे में मीणा समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है. मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा एवं इंदौर जिला इकाई के अध्यक्ष सुभाष मीणा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केबिनेट मंत्री रामनिवास रावत करेंगे. मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे. समारोह में इंदौर सहित मालवा-निमाड़ से भी अनेक स्वजातीय बंधु शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समाज की प्रतिभाओं और जनप्रतिनिधियों को भी संगठन सम्मानित करेगा.

अस्सी के दशक की खिलाड़ियों ने किया कोच का सम्मान

महू. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महू का नाम गौरवान्वित करने वाली महिला फुटबाल खिलाड़ियों ने नया साल अलग ही अंदाज में मनाया. इस मौके पर इन खिलाड़ियों ने अपने कोच बसंत लाल सोलंकी का सम्मान करते हुए कहा कि हमारी सफलता में सबसे बड़ा योगदान कोच का है. हमें सफलता दिलाने में कोच बसंत सोलंकी की मेहनत को हम भूल नहीं सकते. आज इतने साल बाद उनका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है. ज्ञात हो, अस्सी के दशक में महू में महिला फुटबाल खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार खेल का प्रदर्शन कर महू का नाम रोशन किया. इनमें दो खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया. इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी मीना शेंडगे, भारती जमदड़, राष्ट्रीय खिलाड़ी माघवी नीम, शोभा वर्मा, कमलेश वर्मा, कावेरी सोनवाने, छाया कौशल, फूलमती वर्मा सविता वर्मा, गीता वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थीं.

तेज रफ्तार कार की टक्कर से 100 फीट तक घिसटती रही एक्टिवा

एक्टिवा सवार युवक-युवती घायल, रात ढाई बजे सयाजी चौराहे पर हादसा

इंदौर. विजय नगर इलाके में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला. एक बेकाबू कार ने चौराहे पर एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक्टिवा करीब 100 फीट तक सड़क पर घिसटती चली गई. हादसे में एक्टिवा सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया.

विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि हादसा रात करीब 2.30 बजे सयाजी चौराहे के पास हुआ. सयाजी पेट्रोल पंप की ओर से चौराहे पर मुड़ रही एक्टिवा नम्बर एमपी 20 एसएल 8410 को बापट चौराहे की ओर से विजय नगर तरफ आ रही तेज रफ्तार कार एमपी 13 सीई 2080 ने सामने से टक्कर मार दी. टक्कर के बाद दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े और एक्टिवा काफी दूर तक घिसटती चली गई. हादसे में घायल युवक की पहचान हर्ष सोनी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जबलपुर का रहने वाला है. वह फिलहाल विजय नगर क्षेत्र में रहकर बैंकिंग की तैयारी कर रहा है. वहीं, घायल युवती भवानी यादव सतना की निवासी है, जो स्कीम नंबर 78 में रहती है और एक निजी कंपनी टास्क सोर्स में काम करती है.

कार चालक हिरासत में, की जा रही पूछताछ

घटना की सूचना मिलते ही विजय नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने हादसे में शामिल कार को जब्त कर लिया है, जिस पर 'करणी सेना परिवार' लिखा हुआ था. कार चालक सुमित ठाकुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. थाना प्रभारी का कहना है कि शुरुआती जांच में कार की रफ्तार काफी तेज होना सामने आया है, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

ब्राउन शुगर की बड़ी खेप पकड़ी फरार सप्लायर गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, अंतरजिला नेटवर्क का खुलासा

नव भारत न्यूज

इंदौर. अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में क्राइम ब्रांच इंदौर को एक और बड़ी सफलता मिली है. टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ब्राउन शुगर जब्त की है. आरोपी अन्य जिलों से नशा खरीदकर इंदौर में सप्लाई करता था. कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. मुखबिर की सूचना के आधार पर एक और फरार आरोपी की पहचान की गई. आरोपी राजा उर्फ राजकुमार सिसौदिया, निवासी पलाश परिसर, ओमेक्स हिल्स इंदौर है. उसके कब्जे से 13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है.

राजा उर्फ राजकुमार सिसौदिया ने ओमेक्स हिल्स इंदौर

शहर के विभिन्न थानों में 30 से 35 अपराध दर्ज आरोपी पर

इससे पहले इसी प्रकरण में भूपेंद्र के कब्जे से 13.82 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की थी. जब्त माल की कीमत 1 लाख 40 हजार बताई जा रही है. पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह अन्य जिलों से नशा खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध कराता था. आरोपी के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में करीब 30 से 35 अपराध दर्ज हैं. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

बेटी को मिल रही प्रताड़ना से टूटे पिता ने किया सुसाइड

नव भारत न्यूज

इंदौर. बेटी के वैवाहिक जीवन में चल रहे लगातार तनाव और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से मानसिक रूप से टूटे एक पिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में खुड़ैल पुलिस ने जांच पूरी कर ली है. जांच में आत्महत्या के पीछे ससुराल पक्ष की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज कर लिया है. मामला ग्राम सनावदिया, पत्थर मुंडला रोड का है. पुलिस के अनुसार मृतक की बेटी की शादी फरवरी 2024 में जयपुर निवासी युवक से हुई थी. परिजनों ने पुलिस को बताया कि विवाह के समय ससुराल पक्ष की सभी मांगें पूरी की गई थीं, इसके बावजूद शादी के कुछ समय बाद ही बेटी को नई-नई मांगों और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा. पीड़िता यह सारी बातें अपने माता-पिता को लगातार बताती रहती थी. मर्ग जांच में सामने आया कि कुछ समय पहले दामाद इंदौर आया था, जहां उसने बेटी के साथ-साथ उसके मायके पक्ष को भी धमकाया और अभद्र व्यवहार किया. इस घटनाक्रम के बाद मृतक पिता गहरे मानसिक दबाव में रहने लगे. बेटी के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता और लगातार तनाव के चलते 1 दिसंबर को उन्होंने सल्फास का सेवन कर लिया. गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने परिजनों के बयान और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मर्ग जांच में प्रताड़ना की पुष्टि की है. इसके बाद जयपुर में रहने वाले दामाद और उसके पिता के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

पुराने मालिक ने ही कराया था ट्रक ड्राइवर का अपहरण

- पुलिस ने पीछा कर धामनोद रोड पर आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया
- खलघाट के चार आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. चंदननगर थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर के अपहरण की सूचना से को पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई. मामला संवेदनशील था, क्योंकि चालक को जबरन कार में बैठाकर शहर से बाहर ले जाया जा रहा था. ड्राइवर की पत्नी की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता ने आरोपियों की साजिश पर पानी फेर दिया. पुलिस ने धामनोद की ओर जा रही संदिग्ध कार को फिल्मी अंदाज में पीछा कर रोकते हुए अपहृत चालक को सुरक्षित छुड़ा लिया.

एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि चंदननगर में रहने वाले ट्रक चालक की पत्नी बदहवास हालत में थाने पहुंची थी. उसने बताया कि कुछ लोग उसके पति को जबरदस्ती कार में बैठाकर ले गए हैं. सूचना मिलते ही पुलिस ने वायरलेस पर अलर्ट जारी किया और इंदौर से बाहर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी कर दी. कुछ ही देर में मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध कार धामनोद की ओर बढ़ रही है. पुलिस टीम ने तत्काल पीछा कर कार को रोका. कार की तलाशी लेने पर ट्रक चालक अंदर मौजूद मिला, जिसे सुरक्षित बाहर निकाला. पूछताछ में सामने आया कि अपहरण की इस वारदात के पीछे कोई और नहीं, बल्कि चालक का पुराना ट्रक मालिक ही था.

पुलिस ने इस मामले में खलघाट क्षेत्र के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें वसीम मंसूरी, जाकिर खान, सादिक मंसूरी और रईस मंसूरी उर्फ चक्की शामिल हैं. चालक पहले वसीम मंसूरी के यहां काम करता था. आरोपी का दावा है कि चालक ने एडवांस रकम ले ली थी और बाद में काम पर नहीं आया. इसी बात को लेकर आरोपी उसे जबरन दोबारा काम पर ले जाने का दबाव बना रहे थे. चंदननगर पुलिस ने चारों आरोपियो पर प्रकरण दर्ज कर लिया है.

रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर करता रहा दुष्कर्म

नशीली चाय पिलाकर महिला के साथ की साजिश
गर्भवती करने के बाद बच्चा जान से मारने की दी धमकी
मामले में एक महिला भी बनाया आरोपी

किराए के मकान में रखकर किया शोषण

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने दिसंबर 2023 में उसे इंदौर बुलाया. इस दौरान उसे नशीली चाय पिलाई गई, जिससे वह बेहोश हो गई. होश आने पर उसे अपने साथ दुष्कर्म होने का पता चला. इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल करते हुए किराए के मकान में रखकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा, जिससे वह गर्भवती हो गई. उसके बाद सितंबर 2024 में उसे बच्चा हो गया. पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि बाद में आरोपी नौकरी लगाने से मुकर गए और शिकायत करने की बात कहने पर महिला व बच्चे को जान से मारने की धमकी दी. बहरहाल, पुलिस महिला की शिकायत पर जांच कर रही है.

नव भारत न्यूज

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबाई नगर की रहने वाली एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर यमुनानगर पुलिस ने रेलवे में नौकरी का झांसा देकर यौन शोषण, धोखाधड़ी और धमकी का सनसनीखेज प्रकरण दर्ज किया है. मामले में दो रेलवे कर्मचारियों विनीता जैसवाल और मुकेश जैसवाल, निवासी रेलवे कॉलोनी इंदौर, को आरोपी बनाया है.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह तीन बच्चों की मां है और पारिवारिक विवाद के चलते पति से अलग रह रही थी. इसी दौरान रेलवे में पदस्थ विनीता जैसवाल से उसका संपर्क हुआ, जिसने रेलवे में अच्छी पहुंच बताकर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया और मुकेश जैसवाल से मिलवाया. आरोप है कि मुकेश ने रेलवे में अच्छी पहुंच होने और अधिकारियों से बात करने का नाटक किया और आधार कार्ड, फोटो और दस्तावेज लेकर महिला को विश्वास में ले लिया. आरोपी ने नौकरी लगवाने के नाम पर पीड़िता के परिजनों से एक लाख रुपये नकद और जेवर भी ले लिए.

गाड़ी साफ करते समय युवक की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

नव भारत न्यूज

इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र के वैभव नगर में एक 18 वर्षीय युवक की अचानक मौत से इलाके में शोक का माहौल है. युवक रोजाना की तरह वाहन साफ करने का काम कर रहा था, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह जमीन पर गिर पड़ा. परिजन और आसपास के लोग उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी.

मृतक की पहचान 18 वर्षीय अक्षय पिता दिनेश नंगावे निवासी वैभव नगर के रूप में हुई है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि अक्षय एक क्लाइंट के घर के बाहर वाहन की सफाई कर रहा था. काम के दौरान वह अचानक लड़खड़ाया और बेहोश होकर गिर गया. युवक को गिरते देख आसपास के लोग दौड़े और बिना समय गंवाए उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों की प्रारंभिक जांच और घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए युवक की मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है.

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा मौत का कारण

बताया जा रहा है कि अक्षय पूरी तरह स्वस्थ दिखाई दे रहा था और उसे किसी गंभीर बीमारी की जानकारी भी सामने नहीं आई है. घटना की सूचना मिलने पर कनाड़िया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, ताकि मौत के सटीक कारणों की पुष्टि हो सके. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी. अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में है और क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है.

पालदा में विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक लगी आग

इंदौर. आग लगने की घटना पालदा के पवनपुरी क्षेत्र में सामने आई, जहां एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई. सूचना मिलने पर दमकल वाहन रवाना किया, लेकिन उससे पहले ही स्थानीय रहवासियों ने सतर्कता दिखाते हुए अपने स्तर पर आग को काबू में कर लिया.

ट्रांसफार्मर में आग लगने से कुछ समय के लिए इलाके में दहशत का माहौल रहा. वो तो समय पर कार्रवाई और स्थानीय लोगों की समझदारी से बड़ा हादसा टल गया. फिलहाल पुलिस और दमकलकर्मी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं.

एक नजर में | जीआरपी ने 'पटरी की पाठशाला' के साथ रेल सुरक्षा का दिया संदेश

इंदौर से चली 'हमारी सवारी भरोसे वाली' अब मेघनगर पहुंची

नव भारत न्यूज

इंदौर. रेल यात्रियों की सुरक्षा और भरोसेमंद यात्रा को लेकर इंदौर से शुरू किया अभियान हमारी सवारी भरोसे वाली अब मेघनगर पहुंच गया है. इंदौर, उज्जैन, डॉ. अम्बेडकर नगर और रतलाम में सफल आयोजन के बाद शुक्रवार को रेलवे स्टेशन मेघनगर परिसर में इसके पांचवें चरण का शुभारंभ किया.

एसपी रेल पद्मविलोचन शुक्ला ने बताया कि हमारी सवारी भरोसे वाली अभियान इंदौर के साथ ही अन्य थाना क्षेत्रों में भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं, जिसे देखते हुए यह अभियान अब मेघनगर में भी शुरु किया गया है.

कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को क्यूआर कोड आधारित सत्यापित ऑटो और रिक्शा व्यवस्था की जानकारी दी गई, जिससे स्टेशन से बाहर निकलते ही सुरक्षित और पहचान योग्य सवारी उपलब्ध हो सके. यह व्यवस्था यात्रियों के साथ होने वाली ठगी और असुरक्षा को रोकने में मददगार साबित हो रही है. इसी के साथ पटरी की पाठशाला अभियान के माध्यम से रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले बच्चों और नागरिकों को रेल सुरक्षा नियमों, मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले जोखिम, सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई. राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है. कार्यक्रम में प्रशासन, रेलवे, सामाजिक चालक, रेल रक्षा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे. आयोजन जीआरपी इंदौर और योगेश्वर श्रीकृष्ण फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग वि. / यां संभाग (ओल्ड पलासिया) इंदौर
E-mail ID:- eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रं. 64 / व.ले.लि. / वि. यां / 25-26 — इंदौर, दिनांक 29.12.25

:: निविदा विज्ञप्ति ::

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रपत्र 210 पर निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं पंजीकृत डाक (ए.डी.) / स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

क्रं.	कार्य का नाम व स्थान	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेके की अनुमानित राशि	अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विकय का दिनांक एवं समय	1. निविदा प्राप्ति का दिनांक, समय एंव कार्यालय	1.निविदा खोलने का दिनांक, समय एंव कार्यालय	1.कार्य पूर्ण करने की अवधि 2.ठेकेदार की श्रेणी 3.आमंत्रण क्रं.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	विधानसभा क्षेत्र क. 2 के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,764/-	रू.15,500/-	09.01.26 5.30बजे	1)15.01.26 5.30 बजे 2) लो.नि.वि. वि./यां. सं. इंदौर	1)16.01.26 प्रातः11:00 बजे 2) लो.नि.वि. वि./यां.सं. इंदौर	1) 60 दिन 2) लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार धारी 3) प्रथम आमंत्रण
2	विधानसभा क्षेत्र क. 2 के अंतर्गत 1 स्थान पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.3,83,210/-	रू.7,700/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	विधानसभा क्षेत्र क. 4 के अंतर्गत 1 स्थान पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.3,83,210/-	रू.7,700/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
4	विधानसभा क्षेत्र क. 2 के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,764/-	रू.15,500/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
5	विधानसभा क्षेत्र क. 2 के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.7,65,764/-	रू.15,500/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
6	विधानसभा क्षेत्र क. 3 के अंतर्गत 1 स्थान पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.3,83,210/-	रू.7,700/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
7	विधानसभा क्षेत्र क. 3 के अंतर्गत 1 स्थान पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रू.3,82,554/-	रू.7,700/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
8	सांसद निधि के अंतर्गत 1 स्थान पर (हाई मास्क लाईट) विद्युतीकरण का कार्य।	2000/-	रू.8,10,458/-	रू.16,300/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
9	सांसद निधि के अंतर्गत 1 स्थान पर (हाई मास्क लाईट) विद्युतीकरण का कार्य।	2000/-	रू.8,04,868/-	रू.16,100/-	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
	कुल राशि रू.		रू.54,44,802/-					

टीप- 01 निविदा सूचना की विस्तृत शर्ते कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

G23753/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि/यां संभाग, इंदौर